No. of Printed Pages : 5

एफ.एच.डी.-2

21759

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2011

पाठ्यक्रम-कोड : एफ.एच.डी.-2

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खंड - क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250-300 शब्दों में दीजिए।

1. संप्रेषण का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके विविध रूपों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

पत्र विधा और डायरी विधा का अंतर बताते हुए पत्र विधा के वैशिष्ट्य का वर्णन कीजिए।

2. लिखित भाषा और उच्चरित भाषा की विशेषताएँ बताइए और लिखित भाषा पर उच्चरित भाषा के प्रभाव का आकलन कीजिए। 10

अथवा

जनसंचार माध्यमों की भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए श्रव्य माध्यमों और दृश्य माध्यमों की भाषा की तुलना कीजिए।

खण्ड - ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

3. महँगाई की समस्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

अथवा

तुलसी जयन्ती के अवसर पर विद्वानों को आमंत्रित करने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

4. कार्यालयी लेखन में भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट (प्रतिवेदन) की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

अपने प्रिय साहित्यकार की कृतियों को वी.पी.पी. से भेजने का अनुरोध करते हुए प्रकाशक को पत्र लिखिए।

5. डायरी की भाषा-शैली की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

प्रभावी लेखन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसका लक्ष्य बताइए।

खण्ड - ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग एक वाक्य में दीजिए : **5x1=5**

   (a) मोहन राकेश ने 27 जनवरी 1958 को किसे पत्र लिखा ?

   (b) सुभद्राकुमारी चौहान को बार-बार जेल क्यों जाना पड़ता था ?

   (c) रेखाचित्र का क्या अर्थ है ?

   (d) संस्मरण और जीवनी में मुख्य अन्तर क्या है ?

   (e) 'निराला की साहित्य साधना' के लेखक कौन हैं ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए : **10x1=10**

   (a) फणीश्वरनाथ रेणु की, आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित, रचना का नाम है :

   (i) पथ के साथी

   (ii) गोदान

   (iii) निराला की साहित्य साधना

   (iv) एकलव्य के नोट्स

   (b) आपके पाठ्यक्रम में संकलित, गजानन माधव मुक्तिबोध द्वारा रचित विधा है :

   (i) संस्मरण (ii) डायरी

   (iii) आत्मकथा (iv) पत्र

(c) 'तारसप्तक' के कवि हैं :

(i) रांगेय राघव

(ii) फणीश्वरनाथ रेणु

(iii) मुक्तिबोध

(iv) हरिनारायण व्यास

(d) कौन सी विधा डायरी के नज़दीक नहीं है?

(i) संस्मरण (ii) आत्मकथा

(iii) यात्रा वृत्तान्त (iv) निबंध

(e) कार्यालयी लेखन का तात्पर्य है :

(i) व्यक्तिगत लेखन

(ii) कार्य से संबंधित लेखन

(iii) गैर सरकारी लेखन

(iv) जो विभिन्न कार्यालयों में संपन्न किया जाता है।

(f) औपचारिक पत्र किसे नहीं लिखा जाता है?

(i) अधिकारी को (ii) भाई को

(iii) संपादक को (iv) मंत्री को

(g) यात्रा वृत्तान्त में ज्यादा गुंजाइश नहीं होती :

(i) कलात्मक अभिव्यक्ति की

(ii) स्वाभाविक चित्रण की

(iii) सांस्कृतिक आदान प्रदान की

(iv) कल्पना की

(h) 'अतीत के चलचित्र' के रचनाकार का नाम है :

(i) सुभद्राकुमारी चौहान

(ii) घनानंद

(iii) भारतेन्दु

(iv) महादेवी वर्मा

(i) निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता डायरी पर लागू नहीं होती ?

(i) अपने अनुभवों के बारे में लिखना।

(ii) प्रकाशन के लिए नहीं लिखना।

(iii) कल्पना के सहारे लिखना।

(iv) आत्मावलोकन करना।

(j) जैसे शरीर में रक्त प्रवाहित होता है, उसी प्रकार संस्मरण में प्रवाहित होती है :

(i) औपचारिकता (ii) अंतरंगता

(iii) अविश्वसनीयता (iv) उपर्युक्त तीनों।